पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने स्टेट बैंक की 'सखी परियोजना' की शुरूआत की

———

स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल के महिला कर्मियों की 'सखी परियोजना' अनोखी पहल

———

स्टेट बैंक में कार्यरत महिलाओं हेतु सशक्तीकरण बैंक की अनूठी पहल– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत महिला कर्मियों के लिये मानव संसाधन की ओर से एक अनोखी पहल करते हुये 'सखी परियोजना' की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक द्वारा उनके संस्थान में कार्यरत महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु ये एक अनुठा प्रयास है। इस प्रकार के प्रयासों से कार्य स्थल पर कार्यरत महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा एक सुन्दर माहौल मिलने से उनकी कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी सखियों से बातचीत की तथा इस अनोखी हल को सफल बनाने हेतु बधाई दी। राज्यपाल जी ने सखियों का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें सशक्त कर्मचारी बनाने के लिये प्रेरित किया।

भारतीय स्टेट बैंक के लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबन्धक श्री अजय कुमार खन्ना ने बताया कि 'सखी परियोजना' अपनी सफलता के दूसरे वर्ष में प्रवेश करते हुये उत्थान की ओर अग्रसर है। हमारा प्रयास है कि नवनियुक्त महिला कर्मी हमारी बैंकिंग व्यवस्था को आत्मसात कर निर्भय होकर कार्य करते हुये अपने कैरियर को आगे बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि सखी परियोजना के अन्दर महिला कर्मी को अपने कार्य स्थल पर कार्य शैली, जीवन चर्या व वातावरण में किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो वह सखी से विचार–विमर्श करते हुये उसे उच्च प्रबन्धन के संज्ञान में

लाती है, जिससे उस समस्या के निराकरण हेतु निर्धारित पॉलिसी गाइड लाइन पर विचार करते हुये समस्या के समाधान हेतु हर सम्भव उपाय किये जाते हैं ताकि नवनियुक्त महिला कर्मियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लखनऊ मण्डल में 366 नवनियुक्त महिला कर्मी हैं, जिनका मार्गदर्शन 50 सखियों द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी एवं टीम सखी के सदस्यगण उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(258/45)